





# साफ करने पहुंचे आरोपी जेवर लेकर हुए फरार

## सिटी कोतवाली थाना के पचमठा चौराहे की घटना, बाइक में सवार थे बदमाश, सीसीटीवी में कैद हुए आरोपी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 मार्च, जेवर की सफाई करने के नाम पर घर आए आरोपियों ने जेवर ही साफ कर दिया. दो की संख्या में आए आरोपियों ने पहले बर्तन फिर चांदी की पायल साफ की और सोने के जेवर में हाथ साफ करते हुए फरार हो गए. घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के पचमठा चौराहे के समीप की है. इस पूरी घटना को लेकर पीड़िता जाहीना बेगम ने बताया कि दो की संख्या में युवक केमिकल बचने के लिए आए हुए थे.**



पड़ोस में वह पायल साफ कर रहे थे जब जाहीना से जेवर मांगे तो उसने पायल साफ करने की बात कही लेकिन आरोपियों ने साथ में सोने के जेवर साफ करने का वादा भी किया. जब पीड़िता ने उसे सोने के टॉप्स दिए तो उसे एक कटोरी में डालकर गर्म करने की बात कही गई और जब वह पानी गर्म करके वापस आई तो आरोपी फरार हो चुके थे. कटोरी में टप्स था और ना ही सामने आरोपी दिनदहाड़े दोपहर तकरीबन11:00 बजे हुई इस घटना के बाद लोग आरोपियों की तलाश करने लगे. जिनकी तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है दरअसल यह घटना पहली बार नहीं हुई ठीक इसी तरह की घटना कई बार हो चुकी है तकरीबन एक वर्ष पूर्व सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के चिकन मोहल्ले में भी इसी तरह के दो आरोपी बाइक में सवार होकर आए थे और जेवर पानी में डालकर गर्म करने के लिए दिया था. इसके बाद आरोपी फरार हो गए पीड़िता ने बताया कि उसमें एक आरोपी लंगड़ा रहा था ठीक इसी तरह एक वर्ष पूर्व भी उसमें से एक आरोपी लंगड़ा रहा था. आज से 2 दिन पूर्व भी आधे घंटे के अंदर दो चेन स्नेचिंग की घटना हुई है जिससे यह साफ पता चल रहा है कि सोना चांदी के लुटेरे एक बार फिर सक्रिय हो चुके हैं फिलहाल घटना की शिकायत दर्ज होने के बाद अब पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है.

### युवक को घर के अंदर बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा

जिले में शनिवार देर शाम एक सनसनीखेज मामला सामने आया, जहां प्रेम प्रसंग के शक में एक युवक को घर के अंदर बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा गया. घटना नौबस्ता चौकी क्षेत्र के सकरवट गांव की है, जहां युवक को रस्सियों से बांधकर कई घंटों तक लाठी-डंडों से पीटा जाता रहा. बताया जा रहा है कि युवक को एक महिला ने अपने घर बुलाया था. इसी दौरान घर के अन्य सदस्यों ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया. इसके बाद गुस्साए परिजनों ने युवक पर आरोप लगाते हुए उसे घर के अंदर शटर बंद कर कैद कर लिया और जमकर मारपीट की. युवक की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग और उसके परिजन मौके पर पहुंचे. परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही चोरहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घर में मौजूद लोगों से दरवाजा खोलने को कहा, लेकिन जब उन्होंने इनकार कर दिया तो पुलिस ने शटर का ताला तोड़ दिया. अंदर का नजारा देख पुलिस भी सन्न रह गई. युवक खून से लथपथ हालत में पड़ा था और उसके हाथ-पैर रस्सियों से बंधे हुए थे. पुलिस ने तत्काल उसे मुक्त कर इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा, जहां उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है. पुलिस के मुताबिक मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है. फिलहाल, दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# अवैध उत्खनन और परिवहन में लगे भारी भरकम वाहन

## ट्रैक्टर पकड़ कर खानापूर्ति

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 29 मार्च, खनिज संपदा की लूट और अवैध परिवहन को लेकर एक बार फिर खनिज विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है. हाल ही में विभाग द्वारा की गई कार्रवाई में महज एक ट्रैक्टर को जब्त कर औपचारिकता पूरी कर ली गई, जबकि क्षेत्र में भारी-भरकम ट्रकों के जरिए बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन और परिवहन धड़ल्ले से जारी है.**

स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि खनिज माफिया और विभाग के आला अधिकारियों के बीच 'गहरी सांठगांठ' है. चर्चा तो यहाँ तक है कि खनिज अधिकारी और माइनिंग इंस्पेक्टर की मिलीभगत से यह पूरा खेल खेला जा रहा है. जब रात के अंधेरे में दर्जनों ट्रक अवैध खनिज लेकर गुजरते हैं, तो विभाग की नजर सिर्फ एक ट्रैक्टर पर ही क्यों ठहरती है? क्या छोटे वाहन पर कार्रवाई कर बड़े माफियाओं को 'सेफ पैसेज' दिया जा रहा है? क्या खनिज माफियाओं ने अधिकारियों को 'मैनेज' कर लिया है, जिसके कारण कार्रवाई की फाइलें दबी हुई हैं. सूत्रों की मानें तो माइनिंग इंस्पेक्टर और खनिज अधिकारियों को हर बड़े डंपर और ट्रक की आवाजाही की पहले से जानकारी होती है. लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल 'छोटे प्यादों' (ट्रैक्टरों) को बलि का बकरा बनाया जाता है ताकि कागजों पर कार्रवाई दिखती रहे और बड़े मगरमच्छ सुरक्षित रहें. प्रशासन की इस चुप्पी ने खनिज माफियाओं के हौसले इतने बुलंद कर दिए हैं कि उन्हें अब कानून का कोई खौफ नहीं रह गया है.माफिया और खनिज अधिकारी माइनिंग इंस्पेक्टर महीनवारी साठगांठ अधिकारियों की इस कथित जुगलबंदी के कारण सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है.

अगर जल्द ही इन बड़े खनिज माफियाओं और उनके ट्रकों पर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि रक्षक ही भक्षक बन चुके हैं.

### आखिर कब रूकेगा अवैध उत्खनन और परिवहन

क्षेत्र में इन दिनो अवैध उत्खनन और परिवहन पर भले ही कलेक्टर के आदेश पर कार्यवाही होती है लेकिन इसके बाद भी इस पर रोक नही लग पा रहा है. विभागीय सूत्रो की माने तो खनिज विभाग की ही मूक सहमति से यह सब चलता है और जब ज्यादा दबाव बनता है तो खानापूर्ति के लिये एक दो वाहन पकड़ कर कार्यवाही कर दी जाती है. आखिर इस पर रोक कब लगेगी.

# बढ़ी हुई बिजली की दर वापस ले सरकार : कल्चुरी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 मार्च, ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक मध्य प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने कहा कि 1 अप्रेल से बिजली दरो में 4.80 प्रतिशत की लागू होने बढ़ोत्तरी आम जनता पर अतिरिक्त बोझ डालने वाली है.**

उन्होने आरोप लगाया कि सरकार जनसेवा के बजाय सरकारी वसूली के मॉडल पर काम कर रही है, जबकि पहले से ही मंहगाई से आम जनता परेशान है. कल्चुरी ने कहा कि पिछले एक दशक में 22 से 24 प्रतिशत तक बढ़ोत्तरी हो चुकी है. घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 0-50 यूनिट की दर में भी 20 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोत्तरी हुई है. इसके अलावा हर महीने फ्यूल सरचार्ज के नाम पर अतिरिक्त भार डाला जा रहा है जिससे आम जनता की जेब पर लगातार दबाव बढ़ रहा है. कल्चुरी ने कहा कि सरकार के इस फैसले का असर सिर्फ घरेलू उपभोक्ताओं पर ही नहीं बल्कि छोटे उद्योगों, व्यापारियों और किसानों पर भी पड़ेगा. उन्होने कहा कि पहले से महंगाई की मार झेल रही जनता के लिए यह फैसला और मुश्किलें बढ़ाने वाला है. एक तो वैसे भी लोगो के यहा भारी भरकम मनमानी बिल पहुंच रहा है और अब बिजली की दर बढ़ने से लोगो पर बोझ बढ़ेगा. ऑल इण्डिया फॉरबर्ड ब्लाक म.प्र.ने बिजली की बढ़ी हुई दरे वापस लेने सरकार से मांग की है.

## संक्षिप्त

### निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन आज

**रीवा,** जनपद पंचायत गंगेव के हिनौती गौधाम में विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन 30 मार्च को दोपहर 3 बजे किया जायेगा. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल हिनौती गौधाम में प्रशासनिक भवन, जनभागीदारी से निर्मित टंकी एवं अन्य कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल प्राकृतिक खेती के संबंध में आयोजित सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे.

### महावीर जयंती पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**रीवा,** महावीर जयंती पर 31 मार्च मंगलवार को अवकाश घोषित किया गया था. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों के अनुपालन और स्थानीय परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व में घोषित अवकाश में संशोधन के आदेश जारी किये हैं. जारी आदेश के अनुसार अब महावीर जयंती पर संपूर्ण रीवा जिले में 30 मार्च, सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है. आगामी 31 मार्च को सभी कार्यालय एवं संस्थाएं पूर्व की भांति खुलेंगे. आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है.

### नगर निगम का सम्मिलन 31 को

**रीवा,** नगर पालिक निगम रीवा का 17वां साधारण सम्मिलन 26 मार्च स्थगन पश्चात 30 मार्च को आयोजित था. म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल की अधिसूचना क्रमांक एफ 3-1/2025/एक/चार भोपाल दिनांक 29.03.2026 द्वारा महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 31 मार्च मंगलवार के स्थान पर 30 मार्च सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने के परिपेक्ष्य में कलेक्टर के आदेश अनुसार 30 मार्च सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है. नगर पालिक निगम रीवा का 17वां साधारण सम्मिलन 31 मार्च को पूर्वान्ह 11:00 बजे अध्यक्ष द्वारा निर्धारित किया गया है.

### छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 31 को

**रीवा,** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए एमपी टास पोर्टल में आवेदन पत्र 31 मार्च तक जमा किये जा सकते हैं. सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्प संख्यक कल्याण ने जिले के शासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों से अपेक्षा की है कि निर्धारित समयावधि में पात्र विद्यार्थियों के आवेदन प्रस्तुत किये जांय ताकि उनका परीक्षण कर पोर्टल पर अगल चरण हेतु अग्रेषित किया जा सके.

### कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

**रीवा,** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान मे बिजली दरो मे की गयी बढोत्तरी, गैस सिलेण्डर की मूल्य वृद्धि एवं अनुपलब्धता तथा पेट्रोल/ डीजल के कमी के विरोध मे धरना प्रदर्शन किया जायेगा. 30 मार्च सोमवार को सिरमौर चौराहा स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 राजीव गांधी की प्रतिमा के समक्ष जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन का आयोजन दोपहर 12:00 बजे से किया गया हैं. धरना प्रदर्शन के पश्चात् कलेक्टर/ एस डी एम को मांगो से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा जावेगा. जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा एवं शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से पहुंचने की अपील की है.

### नरवाई जलाने पर लगेगा जुर्माना

**मऊगंज,** मऊगंज जिले में कृषकों तथा पशुपालकों को भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा गर्मियों में होने वाली आग की दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय कुमार जैन ने नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं. यह आदेश सम्पूर्ण मऊगंज जिले में तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है. यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी किए गए हैं. प्रतिबंध का उल्लंघन करके नरवाई जलाने पर दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों पर 2500 रुपए, दो से पाँच एकड़ तक के किसानों पर 5000 रुपए तथा पाँच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों पर 15000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा. साथ ही भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी. वर्तमान परिस्थितियों में आदेश की व्यक्तिश: तामीली संभव नहीं है इसलिए भारतीय नागरिक संहिता की 2023 धारा 163 (2) के तहत आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जा रहा है. विभिन्न संचार माध्यमों से इसकी सूचना आमजनता को दी जा रही है.जारी आदेश के अनुसार रबी फसलों की कटाई के बाद खेतों को आग के हवाले करने वाले किसानों के खिलाफ अब कठोर कार्यवाही की जाएगी. हार्वेस्टर के माध्यम से गेंहू की कटाई करने पर उसमें स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा. जिन हार्वेस्टरों में अवशेष प्रबंधन सिस्टम नही होगा, उन्हें गेंहू काटने की अनुमति नही दी जायेगी आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी. जिले में चलने वाले कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा. जिला परिवहन अधिकारी इसकी निगरानी करें. इसका उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही करें. खेत में नरवाई जलाने से मिट्टी के कई लाभदायक सूक्ष्मजीव एवं जैविक कार्बन जलकर नष्ट हो जाते हैं. जिसके कारण मिट्टी कठोर हो जाती है. इसकी जल धारण क्षमता घट जाती है. इसलिए नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है. जलाने के स्थान पर इसको स्ट्रारीपर से भूसा बनाकर पशुओं के भोजन के रूप में उपयोग करें.

# हनुमना में किराना दुकानों और अवैध ठिकानों में बिक रहा पेट्रोल-डीजल

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 29 मार्च, हनुमना तहसील क्षेत्र में इन दिनो ईंधन की कालाबाजारी ने आम जनता की कमर तोड़ दी है. पेट्रोल-डीजल को लेकर चल रही अफवाहों का फायदा अवैध कारोबारी उठा रहे है. जिससे किसी भी बड़ा हादसा हो सकता है.**



स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के कई किराना दुकानों और अवैध ठिकानों पर पेट्रोल और डीजल को भारी मात्रा में स्टॉक करके रखा जा रहा है और उसे 115 से 120 रुपये प्रति लीटर के मनमाने दामों पर बेचा जा रहा है. हनुमना के दूर-दराज के गांवों में पेट्रोल पंपों की कमी और इमरजेंसी की स्थिति का फायदा उठाते हुए अवैध विक्रेता सक्रिय हैं. ये माफिया मुख्य पेट्रोल पंपों से बड़ी मात्रा में ईंधन खरीदकर अवैध रूप से भंडारण कर लेते हैं और फिर उसे ऊंचे दामों पर बेचते हैं. इससे न केवल आम आदमी की जेब ढीली हो रही है, बल्कि शासन को मिलने वाले राजस्व को भी चूना लग रहा है. घरों और दुकानों के भीतर बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के रखे गए ज्वलनशील पदार्थ (पेट्रोल-डीजल) किसी बड़ी अनहोनी को आमंत्रण दे रहे हैं. रहवासी इलाकों में ड्रमों और गैलनों में भरकर रखा गया यह स्टॉक कभी भी बड़े अग्निकांड का कारण बन सकता है.

**प्रशासन फिर सवालों के घेरे में**-क्षेत्र में खुलेआम हो रही इस कालाबाजारी ने खाद्य विभाग और स्थानीय पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं. ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध रूप से स्टॉक करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं होती, जिससे उनके हौसले बुलंद हैं.



क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा भवन का लोकार्पण करते उप मुख्यमंत्री

# सपा के राष्ट्रीय सचिव 31 को आएगे

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 मार्च, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सुफियान अली कुरैशी 31 मार्च को दो दिवसीय प्रवास पर रीवा पहुंच रहे हैं.**

जनाब कुरैशी 31 मार्च को सुबह रेवांचल एक्सप्रेस से रीवा पहुंचकर दोपहर 2:00 बजे स्थानीय राज निवास में राष्ट्रीय सचिव शिव सिंह की उपस्थिति में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे तथा रात्रि 8:30 बजे बैकुंठपुर पहुंचकर वरिष्ठ नेता अधिवक्ता अशफाक अहमद के निजी कार्यक्रम में शामिल होगे. तत्पश्चात रात्रि विश्राम रीवा में करेंगे. दूसरे दिन 1 अप्रैल को शुभचिंतकों एवं समाज के साथियों से मुलाकात करेंगे. इसके बाद भोपाल के लिए रवाना होंगे. सपा जिला अध्यक्ष अमरेश पटेल ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों से बैठक में उपस्थित होने अपील की है. उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी जय सिंह पटेल ने बताया कि उनके साथ सपा प्रदेश सचिव तलत खान भी उपस्थित रहेंगे. सभी कार्यकर्ता समय पर पहुंचे.

# अधोसंरचना विकास के साथ शिक्षा में गुणात्मक विकास आवश्यक : शुक्ल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 मार्च, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि अधोसंरचना विकास के साथ शिक्षा में गुणात्मक विकास आवश्यक है.**

रीवा में शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार को बेहतर बनाने के सभी प्रयास जारी हैं. हमारा प्रयास है कि गुणात्मक शिक्षा व बेहतर इलाज की सभी व्यवस्थायें रहें ताकि यहां के लोगों को उच्चे शिक्षा व इलाज के लिये बाहर न जाना पड़े. उप मुख्यमंत्री ने लगभग 3 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा भवन का लोकार्पण किया.

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपने संभाग को आदर्श संभाग बनायें. महाविद्यालय के प्राचार्यों का दायित्व है कि वह अपने महाविद्यालय में नवीन पाठ्यक्रम संचालन के लिये प्रयासरत रहें तथा प्राध्यापकों व विद्यार्थियों के साथ जीवंत संबंध बनायें रखें. उन्होंने कहा कि अच्छा प्रशासक वही है जो जमीनी फीडबैक लेकर कार्य करे. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भवन उच्च स्तरीय सुविधाओं से युक्त है. जब कार्यालय अच्छा होता है तो कार्य करने की इच्छा भी बढ़ जाती है. इस कार्यालय भवन के द्वारा संभाग के सभी महाविद्यालयों के विकास व उच्च शिक्षा के गुणात्मक सुधार के सभी प्रयास तत्परता से होंगे. अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. आर.पी. सिंह ने बताया कि लगभग 3 करोड़ रूपये से निर्मित भवन में सभी सुविधाएँ हैं. यहां से शासकीय, अशासकीय व अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों पर नियंत्रण होगा. इससे पहले उप मुख्यमंत्री ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर भवन का लोकार्पण किया. इस अवसर आयुक्त रीवा संभाग बीएस जामोद, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व महापौर राजेन्द्र ताम्रकर मौजूद रहे.

# कृषकों की आर्थिक स्थिति और जीवन स्तर को बढ़ाया जा सकता है : डा. आलोक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 मार्च, कृषि महाविद्यालय में विकसित भारत 2047 के लिए विज्ञान और कृषि के नवाचार पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन पंडित श्याम दुलारे शिक्षा एवं शोध संस्थान रीवा, कृषि महाविद्यालय एवं एकेएस यूनिवर्सिटी सतना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का आज समापन हो गया.**




समापन समारोह के मुख्य अतिथि कुलगुरु डा आलोक चौबे, चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, अध्यक्षता कर रहे डा जीके कौतू, संचालक शोध सेवाएं, जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर ने दीप प्रज्वलित करके किया. डा आलोक चौबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज इस वर्ष मनाए जा रहे कृषि वर्ष में जो भी व्यक्ति वैज्ञानिक की सोच रखता है कृषि के क्षेत्र में कुछ नया कर विकसित भारत 2047 की परिकल्पना में सहयोग कर सकता है जिससे कृषकों की आर्थिक स्थिति और जीवन स्तर को बढ़ाया जा सकता है.इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथि डा शंकरदत्त द्विवेदी, पूर्व पशु चिकित्सक, अधिष्ठाता डा एसके त्रिपाठी कृषि महाविद्यालय एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा रघुराज किशोर तिवारी के साथ-साथ विभागाध्यक्ष डा बीएम मौर्य, डा आरपी जोशी, डा वीके सिंह एवं डा एके पांडेय ने भी दीप प्रज्वलन में भाग लिया. अधिष्ठाता ने विशिष्ट अतिथि को मोमेंटो एवं शाल देकर सम्मानित किया.

# ननि के बकाया करों का भुगतान कर कार्यवाही से बचे

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 मार्च, नगर निगम द्वारा करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम कार्यालय एवं सभी जोन कार्यालय 30 एवं 31 मार्च को नगर निगम एवं समस्त जोन कार्यालय खुले रहेंगे, ताकि नागरिक बकाया करों का भुगतान कर अपना समय और पैसा बचा सकें.**

करदाताओं को अतिरिक्त राहत देने के लिए नगर निगम कार्यालय में सभी जोनों के लिए अलग - अलग काउंटर एवं हेल्पडेस्क बनाए गए हैं. जहां शहर वासियों को लोक अदालत के तहत मिल रही छूट का लाभ आसानी से प्राप्त हो सके. वित्तीय वर्ष 2025-26 में संपत्तिकर, जलप्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभारों पर दी जा रही छूट 31 मार्च तक ही लागू है. स्व-आवासीय भवनों पर 50 प्रतिशत संपत्तिकर छूट का लाभ भी केवल 31 मार्च तक ही मिलेगा. 1 अप्रैल से संपत्ति कर दो गुना होगा एवं सभी बकाया करों पर 12 प्रतिशत अधिभार भी लागू होगा. तालाबंदी व कुर्की भी होगी.

### मच्छरों से वार्ड के लोग परेशान

**रीवा, 29 मार्च,** गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ ही मच्छरों का प्रकोप भी तेजी से बढ़ रहा है. नगर निगम द्वारा न तो नालियों की सफाई कराई जाती है और न ही नालियों में दवा का छिड़काव कराया जाता है. जिसके चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है. वार्ड 32, 34, 11 सहित अन्य कई ऐसे वार्ड है जहा नालियों की सफाई न होने से लोग परेशान है.

# प्राकृतिक खेती करने किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 मार्च, किसान कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में जनपद पंचायत गंगेव के ग्राम पंचायत खरहरी में एक दिवसीय कृषक जागरूकता अभियान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**




भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में गंगेव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों जैसे माला, खरहरी, जोड़ोरी, बहिवार और बड़ोखर के बड़ी संख्या में किसान सम्मिलित हुए.कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम.एल. वर्मा ने किसान राजेंद्र शुक्ला एवं विजयशंकर शुक्ला सहित अन्य उपस्थित किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण सामग्री का वितरण किया. उन्होंने बताया कि चयनित क्लस्टर खरहरी, बेलवा बड़गैयान, बेलवा कुर्मियान का मुख्य लक्ष्य रसायन मुक्त खेती को बढ़ावा देकर मिट्टी की उर्वरता को पुनर्जीवित करना और किसानों की आय बढ़ाना है. आत्मा परियोजना के तकनीकी प्रबंधक दीपक कुमार श्रीवास्तव एवं दीपिका तिवारी ने प्राकृतिक खेती के बारे में किसानों को बताया. इस अवसर पर प्रदुम्न शुक्ला, सीताराम कुशवाहा, राजेश पटेल, राजेश मौजूद रहे.